**Need for establishment of National Institute of Virology in Roorkee in Uttarakhand**

**डा. कल्पना सैनी** (उत्तराखंड) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से उत्तराखंड राज्य में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी स्थापित किए जाने का अनुरोध करती हूँ।

महोदय, प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतगर्त चार जोनल (उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी स्थापित किए जाने हैं। इस योजना का उद्देश्य यह है कि भविष्य में समय-समय पर सार्वजनिक स्वास्थ्य संक्रमण, जैसे कोविड-19 महामारी, से निपटने में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। इसके अतिरिक्त नई एंटी वायरल दवाइयों पर शोध हो सके तथा डायग्नॉस्टिक किट एवं वैक्सीन व्यापक स्तर पर बनाई जा सके।

महोदय, मैं आपके संज्ञान में यह भी लाना चाहती हूँ कि अभी तक उत्तराखंड राज्य में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) का कोई भी संस्थान स्थापित नहीं किया गया है। अतः उत्तरी राज्यों में संक्रामक रोगों की निरंतर निगरानी के लिए यह महत्वपूर्ण होगा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् उत्तराखंड के अंतर्गत रुड़की (जिला हरिद्वार) में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी स्थापित करे, जिसके माध्यम से प्रदेश संक्रामक रोगों के निदान हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे पाए। आज के समय में यह अति आवश्यक है। धन्यवाद।

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. SANTANU SEN (West Bengal): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI ABIR RANJAN BISWAS (West Bengal): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): The House stands adjourned to meet at 1100 hours on Friday, the 23rd December, 2022.

*The House then adjourned at twenty-four minutes past six of the clock till eleven of the clock on Friday, the 23rd December, 2022.*